
# दायाँ-बायाँ

0328CH22

नीचे एक हाथ का चित्र बना है। उस पर अपनी हथेली रखो। अँगूठे पर अँगूठा और उँगलियों पर उँगलियाँ।



© NCERT not to be republished

तुमने जो हाथ चित्र पर रखा है वह तुम्हारा दायाँ हाथ है। अब अपना दूसरा हाथ कॉपी के पन्ने पर रखो और दाएँ हाथ से उसके किनारे-किनारे पेंसिल चला कर चित्र बनाओ।

इस बार तुमने जिस हाथ का चित्र बनाया है, वह तुम्हारा बायाँ हाथ है।

*करो दायाँ हाथ आगे, करो दायाँ हाथ पीछे,*
*करो ये ऊपर नीचे और थोड़ा मुस्कराओ।*
*आएगा... फिर मज़ा...*
*करो बायाँ हाथ आगे, करो बायाँ हाथ पीछे,*
*करो ये ऊपर नीचे और थोड़ा मुस्कराओ।*
*आएगा... फिर मज़ा...*

इसी तरह अब दाएँ पैर और बाएँ पैर के लिए भी गाओ।

अब देखो और बताओ कि कक्षा में –

- तुम्हारी बाईं ओर क्या है?
- तुम्हारे पीछे क्या-क्या है?
- तुम किसके बाईं ओर बैठे हो?
- तुम्हारी दाईं ओर क्या है?
- तुम्हारी दाईं ओर कौन बैठा है?
- तुम्हारे आगे क्या है?
- तुम किसके दाईं ओर बैठे हो?

हाव-भाव के साथ गाना गाने में बच्चों को मज़ा आएगा व दायाँ-बायाँ, ऊपर-नीचे, आगे-पीछे स्वयं अपने अनुभव से सीखेंगे।

© NCERT not to be republished

❇ यह एक चित्र है, जिसमें रुचिरा बीच में है। अब तुम इसी में चित्र बनाओ –


- रुचिरा के पीछे किताब का।
- रुचिरा के आगे पेड़ का।
- रुचिरा की दाईं तरफ़ किसी जानवर का।
- रुचिरा की बाईं तरफ़ कुर्सी का।



© NCERT not to be republished

रुचिरा को घर से स्कूल पहुँचाओ।

चित्र में स्कूल देखो। घर से स्कूल तक का रास्ता भी ढूँढ़ो। अब रुचिरा के घर से स्कूल तक का रास्ता रंगीन पेंसिल से दिखाओ।



❇ रुचिरा को घर से स्कूल तक के रास्ते में कौन–कौन सी जगह और चीज़ें मिलेंगी? उनके नाम लिखो।


❇ इनमें से कौन–सी चीज़ें और जगह दाईं ओर मिलेंगी और कौन–सी बाईं ओर?

| दाईं ओर | बाईं ओर |
|---|---|
| | |

❇ रुचिरा को घर से स्कूल जाते समय कुल कितनी बार मुड़ना पड़ेगा?

अगले पृष्ठ पर एक चित्र बना है। यह चित्र पहले दिए चित्र का छोटा रूप है। इसमें जगहों के चित्र के स्थान पर निशान बने हैं। ऐसे चित्र को नक्शा कहते हैं। निशानों को पहचानो और लिखो।

© NCERT not to be republished






क्या तुम बता सकते हो कि ये निशान क्यों बनाए जाते हैं?

© NCERT not to be republished

नीचे चित्र के सामने एक सूची बनी है। इसमें तुम अपनी इच्छा से कुछ निशान (संकेत) बनाओ। ये निशान पहले वाले निशानों से अलग बनाना। अब तुम्हारे बनाए निशानों को नक्शे में भी बनाओ।



रुचिरा का घर

स्कूल

डाकघर

पेड़

अस्पताल

बस स्टॉप

कुआँ

दुकान

गेट

घर

© NCERT not to be republished

नक्शे में निशान बनाने की आवश्यकता को स्पष्ट करना और बच्चों द्वारा बनाए निशान पर चर्चा करना रुचिकर और उपयोगी रहेगा।

पृष्ठ 149 में तुमने अस्पताल पर '+' चिह्न देखा होगा। इस चिह्न की मदद से बिना पढ़े ही अस्पताल को पहचाना जा सकता है।



ऐसे और कौन-कौन से चिह्न तुम्हें अपने आस-पास दिखते हैं? उनके चित्र बनाओ। वे क्या दर्शाते हैं, यह भी लिखो।

| चिह्न | क्या दर्शाता है |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

© NCERT not to be republished



2021-22

✻ नक्शे में दिखाए निशानों की सूची बनी है। ध्यान से देखो और लिखो।




© NCERT not to be republished

- नक्शे में कितने घर हैं? ______________________
- नक्शे में कितनी दुकानें हैं? ______________________
- नक्शे में कितने पेड़ हैं? ______________________

- नक्शे में कितने हैंडपंप हैं? ____________

- स्कूल पोस्टऑफ़िस के पास है या अस्पताल के पास? ____________

- बस स्टॉप के पास क्या है? ____________

- यदि नक्शे के साथ सूची न होती तो क्या तुम नक्शा पढ़ पाते?

____________

❇ गणित में जो चिह्न तुमने सीखे हैं उन्हें लिखो।

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

आपके घर से स्कूल के रास्ते में आने वाले स्थानों को चिह्नों के द्वारा दर्शाओ। आप अपनी पसंद के चिह्न प्रयोग कर सकते हैं।

© NCERT not to be republished